**समय : 3 घंटा 15 मिनट] [पूर्णांक : 100**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश : पूर्ववत्**

**1. I. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दे—** **5×1=5**

(i) **'जगरनाथ' शीर्षक कविता के कवि कौन है?**
(क) केदारनाथ सिंह (ख) अरूण कमल
(ग) नरेश मेहता (घ) भूषण।

(ii) **'मातृभूमि' शीर्षक कविता के कवि हैं—**
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) शमशेर बहादुर सिंह
(ग) अरूण कमल (घ) नरेश सक्सेना।

(iii) **'एक दीक्षांत भाषण' किस विधा की रचना है?**
(क) संस्मरण (ख) व्यंग्य
(ग) रिपोर्ताज (घ) यात्रा वृतांत।

(iv) **'आँखों देखा गदर' किसकी रचना है?**
(क) विष्णुभट गोडसे वरसईकर। (ख) भोला पासवान शास्त्री।
(ग) न्यूयेन कवांग थान। (घ) ओम प्रकाश वाल्मीकि।

(v) **'सूर्य' किसकी रचना है?**
(क) कुमार गंधर्व (ख) ओदोलन स्मेकल
(ग) भगत सिंह (घ) जगदीश चन्द्र माथुर।

**II. सही जोड़े का मिलान करें।** **5×1=5**

| | |
|---|---|
| (i) सूर्य | (क) नरेश सक्सेना |
| (ii) पृथ्वी | (ख) शमशेर बहादुर सिंह |
| (iii) उषा | (ग) ओदोलन स्मेकल |
| (iv) पेशगी | (घ) ओम प्रकाश वाल्मीकि |
| (v) जूठन | (ङ) हेनरी लोपेज। |

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **5×1=5**

(i) कामिनी तो अपने साथ ......... की शांति लाती है। **(यामिनी/दामिनी)**

(ii) सत्य का साकार रूप तो ............ ही होता है। **(राजा/प्रजा)**

(iii) पुरुष और स्त्री में ....... का यह रूप आज कहीं भी देखने को नहीं आता। **(अर्द्धनारीश्वर/स्त्रियोचित)**

(iv) शंख की चूड़ी के .......... से क्या महसूस करा दिया गया? **(कंपन/खनक)**

(v) अर्द्धनारीश्वर भारत का एक ........... प्रतीक है। **(मिथकीय/बिम्बकीय)**

**2. सप्रसंग व्याख्या करें।** **5×2=10**

**(क)** आदमी भागता है तो जमीन पर वह सिर्फ अपने पैरों के निशान नहीं छोड़ता, बल्कि हर निशान के साथ वहाँ की धूल में अपनी गंध भी छोड़ जाता है।

**(ख)** मेरे तार-तार से तेरी
तान-तान का हो विस्तार
अपनी अंगुली की धक्के से
खोल अखिल श्रुतियों के द्वार।

**अथवा,** अपने कहने को क्या था, धन-धान नहीं था
सत्य बोलता था जब जब मुँह खोल रहे थे।

3. अपने विद्यालय की किसी विशेष मनोरंजक घटना का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखें।

**अथवा,** पासबुक खो जाने की शिकायत बैंक मैनेजर को पत्र लिखकर करें।

4. **किन्हीं दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में दें—** 2×10=20

(क) 'बुनियादी शिक्षा' शीर्षक भाषण का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

**अथवा,** 'ओ सदानीरा' का सारांश प्रस्तुत करें।

(ख) 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' डायरी का सारांश लिखें।

**अथवा,** 'उत्तरी स्वप्न परी : हरी क्रांति' रिपोर्ताज का सारांश लिखें।

5. **संक्षेपण करें—** 4

वर्त्तमान युग में जिस भीषणता के साथ जीवन-संघर्ष चल रहा है, उसमें वह व्यक्ति कभी भी विजयी नहीं हो सकता, जो चुपचाप बैठ कर अति दीर्घकाल तक सोचता-विचारता रहेगा। यहाँ तो वही टिक सकता है, जिसमें काफी स्फूर्ति है, जो दूसरों को ढकेलकर आगे बढ़ सकता है; नहीं तो जो उससे ताकतवर है उसे किनारे ढकेल देगा और आप आगे बढ़ जायेगा। अगर तुम इस जीवन में कुछ करना चाहते हो, अगर तुम्हें अपना जीवन सफल बनाना है तो तुम्हें प्रत्युत्पत्रमति होना चाहिए, अपने निर्णय पर दृढ रहना चाहिए और उस पर जमकर काम करना चाहिए। जिस व्यक्ति में ये गुण पाये जाते हैं, उसमें अन्य गुणों का समावेश भी रहता है।

6. हिन्दी-साहित्य के काल-विभाजन का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनके विविध नामकरण पर प्रकाश डालें। 5

7. **निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखें—** 10

(क) इन्टरनेट और छात्र (ख) चुनाव प्रक्रिया
(ग) लोकपाल बिल (घ) नशा उन्मूलन।

8. **निम्नलिखित पाँच लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक 60 शब्दों में दें—**

(क) शाहनी शेरे को क्या आशीर्वाद देती हैं? 5×2=10

(ख) 'सत्य को इसी तरह दाँतों से पकड़ा जाता है।' कैसे?

(ग) दिन और रात किसके प्रतीक हैं?

(घ) बुद्ध को नारियों को बौद्धधर्म में प्रवेश की अनुमति क्यों देनी पड़ी?

(ङ) चोर और मन किसे कहते हैं?

9. I. **निम्न शब्दों के संन्धि-विच्छेद करें—** 5×1=5

दुर्दिन, तृष्णा, पर्याद, यथेष्ट, दुर्ग।

II. **निम्न शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें—** 5×1=5

भ्रद, ऋजु, मोक्ष, सौम्य, निंदा।

III. **निम्न शब्दों के विशेषण बताएँ—** 5×1=5

चर्चा, तेज, चरित्र, कृपा, क्रम।

IV. **निम्न अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें—** 5×1=5

जो देने योग्य है, देखने योग्य, कार्य करने वाला, आदि से अन्त तक, दिन पर दिन।